क्षेत्रीय कार्यालय

# उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

844, फतेहपुर रोशनाई, रनियाँ,
कानपुर देहात

पत्रांक- 1977/N.O.C/S-71/20 दिनांक: 05/08/2020

सेवा में,

जिला पूर्ति अधिकारी
जिला - कन्नौज।

विषय: गाटा नं0- 1994 ग्राम - सौरिख, तहसील - छिबरामऊ, जनपद - कन्नौज में रिटेल आउट लेट (पेट्रोल पम्प) भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, की स्थापना हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक अपने पत्र अपने पत्र संख्या- 1462/जि0पू0अ0-पी0पी0-बी0पी00सी0एल0/2019 दिनांक 29 जुलाई 2020 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके ग्राम - सौरिख, तहसील - छिबरामऊ, जनपद - कन्नौज के गाटा नं0- 1994 पर नये रिटेल आउटलेट/पेट्रोल पम्प भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, जिला- कन्नौज में एक नये रिटेल आउटलेट/पेट्रोल पम्प की स्थापना हेतु आख्या चाही गयी है। उक्त के सम्बन्ध में प्रपत्रों की जॉच के उपरान्त निम्न शर्तों के साथ नये रिटेल आउटलेट/पेट्रोल पम्प हेतु अनापत्ति निर्गत किये जाने की संस्तुति की जाती है।

1 पेट्रोल एवं डीजल का भण्डारण क्रमशः 15 के.एल., एवं 20 के.एल. से अधिक नहीं किया जायेगा।
2 पेट्रोल एवं डीजल का भण्डारण प्रक्रिया से कोई उत्प्रवाह जनित नहीं किया जायेगा तथा घरेलू उत्प्रवाह का शुद्वीकरण सेप्टिक टैंक/सोकपिट द्वारा बोर्ड मानकों के अनुरूप किया जायेगा।
3 पेट्रोल एवं डीजल का भण्डारण एवं वितरण के समय सम्भावित दुर्घटना से निपटने के लिए अग्निशमन एवं इक्सप्लोसिव विभाग द्वारा प्राप्त लाइसेंस में दिये गये शर्तो जैसे-जल भण्डारण, फायर हाइड्रेन्ट मशीनें, बालू एवं प्राथमिक उपचार की व्यवस्था तथा आपात स्थिति में समीप स्थित अस्पताल/नर्सिंग होम से एम्बुलेन्स की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी।
4 बोर्ड द्वारा समय-समय पर दिये गये समस्त आदेश/निर्देश व मानकों का पूर्ण रूप से पालन किया जाय।
5 बोर्ड की अनापत्ति प्रमाण-पत्र हेतु त्रुटिपूर्ण सूचना दिये जाने पर प्रदूषण नियंत्रण अधिनियमों के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही की जा सकती है।
6 उ0प्र0 राजस्व संहिता 2006 की धारा 80 के अन्तर्गत भू-प्रयोग प्रमाण-पत्र एक माह के अन्दर प्रेषित करें।
7 पेट्रोल एवं डीजल भण्डारण स्थल के चारों तरफ कम से कम तीन मीटर चौड़ी हरित पटिटका का विकास किया जाए।

आख्या आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

भवदीय

(आनन्द कुमार आनन्द)
क्षेत्रीय अधिकारी

19-10-20

सुप्रतिम भट्टाचार्जी
प्रादेशिक प्रबन्धक (रिटेल)
भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड
प्लाट-डी- रो0 नं. 26 इंडस्ट्रियल एरिया, साइट-बी
पोस्ट ऑफिस-मथुरा रिफाइनरी, मथुरा-281005

Scanned with CamScanner